# जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय, हापुड़ की अध्यक्षता में गठित "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" (DWSM) समिति की दिनांक 30.03.2022 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त

जिलाधिकारी महोदय, हापुड़ की अध्यक्षता में गठित "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति की बैठक सदस्य सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन हापुड़ के पत्रांक 411/सा0-7/05 दिनांक 26.03.2022 द्वारा दिनांक 30.03.2022 को आयोजित की गयी।

बैठक में निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | जिलाधिकारी महोदय | - अध्यक्ष |
| 2. | मुख्य विकास अधिकारी | - उपाध्यक्ष |
| 3. | जिला विकास अधिकारी | - सदस्य |
| 4. | प्रभागीय वनाधिकारी स्वय अथवा उनके द्वारा नमित सदस्य | - सदस्य |
| 5. | जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, | - सदस्य |
| 6. | जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, | - सदस्य |
| 7. | अधिशासी अभियन्ता वाटर रिसोर्सेस/सिंचाई | - सदस्य |
| 8. | अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर, | - सदस्य |
| 9. | जिला कृषि अधिकारी, | - सदस्य |
| 10. | जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, | - सदस्य |
| 11. | जिला पंचायत राज अधिकारी, | - सदस्य |
| 12. | अधिशासी अभियन्ता, नि0ख0, उ0प्र0 जल निगम, हापुड | - सदस्य सचिव |
| 13. | तहसीलदार, तहसील हापुड़/धौलाना/गढ़मुक्तेश्वर। | |
| 14. | मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 गुजरात। | |
| 15. | ग्रामीण विकास ट्रस्ट, कृभको भवन, ए-10, सैक्टर-1, नोएडा। | |
| 16. | जनकल्याण शिक्षा विकास सेवा समिति, ग्राम लोदीपुर, तहसील गढ़मुक्तेश्वर, हापुड। | |
| 17. | डिस्ट्रिक प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग यूनिट, मेघज टेक्नो कॉन्सेप्ट प्रा.लि., हापुड़। | |

सदस्य सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन हापुड़ द्वारा प्रस्तुत किये गये एजेण्डा नोट का बिन्दुवार विवरण निम्नवत् है:-

**एजेण्डा बिन्दु संख्या -01 (भूमि की उपलब्धता) :-**

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद हापुड़ के अन्तर्गत वर्तमान में 241 ग्रामों में से 222 ग्रामों में पेयजल योजना के निर्माण हेतु भूमि प्राप्त हो चुकी है। निर्देश दिये गये कि शेष 19 ग्रामो में पेयजल योजना के निर्माण हेतु ग्राम समाज की निशुल्क भूमि उपलब्ध कराने हेतु फर्म द्वारा सम्बन्धित तहसीलदार से व्यक्तिगत सम्पर्क कर भूमि उपलब्ध करने हेतु प्रयास किये जायें।

(कार्यवाही- समस्त उपजिलाधिकारी)

**एजेण्डा बिन्दु सं0–02 (डी0पी0आर0 विरचन का कार्य) :–**

जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन स्तर से वर्तमान तक कुल 145 नग पेयजल योजनाओं की डी0पी0आर0 संस्तुति कर राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को प्रेषित कर दी गई थी। जिनमें से कुल 116 नग पेयजल योजनाएं स्वीकृत की जा चुकी है। जनपद हापुड से प्रेषित की गई समस्त डी0पी0आर0 की प्रति व्यक्ति लागत औसतन रू0 6000.00 से कम है। साथ ही यह भी निर्देश दिये गये कि शीघ्र निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष डी0पी0आर0 विरचन का कार्य पूर्ण किया जाये।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0, अहमदाबाद)**

**एजेण्डा बिन्दु सं0–03 (अनुबन्ध गठन की कार्यवाही) :–**

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना "जल जीवन मिशन कार्यक्रम" के अन्तर्गत जनपद हापुड़ के प्रत्येक ग्राम में हर घर नल से जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ग्रामीण पेयजल योजना हेतु **एक त्रिपक्षीय अनुबन्ध गठित किया जाना है, जिसमें सदस्य सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (प्रथम पक्ष), ग्राम पंचायत सचिव ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (द्वितीय पक्ष) एवं कार्यदायी फर्म (तृतीय पक्ष) के रूप में कार्य करेंगी।** राज्य स्तरीय योजना स्वीकृति समिति की बैठक में जनपद हापुड के 116 नग ग्रामों में ग्रामीण पेयजल योजना के निर्माण हेतु डी0पी0आर0 स्वीकृत हो चुकी हैं, जिसके सापेक्ष 116 नग ग्रामों में त्रिपक्षीय अनुबन्ध गठन की कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0, अहमदाबाद)**

**एजेण्डा बिन्दु संख्या –04 :– (स्वीकृत पेयजल योजनाओं पर निर्माण कार्यों की प्रगति )**

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना "जल जीवन मिशन कार्यक्रम" के अन्तर्गत जनपद हापुड़ के प्रत्येक ग्राम में हर घर नल से जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 116 नग स्वीकृत पेयजल योजनाओं में से 84 नग पेयजल योजनाओं पर निर्माण कार्य प्रारम्भ कराये जा चुके हैं। शेष स्वीकृत पेयजल योजनाओं पर शीघ्रातिशीघ्र कार्य प्रारम्भ कराये जाने की कार्यवाही प्रगति पर है। निर्देश दिये गये कि जिन ग्रामों में कार्य प्रारम्भ हो चुके हैं, उनके सचिव ग्राम पंचायत एवं खण्ड विकास अधिकारी द्वारा भी समय–समय पर निरीक्षण किया जाये, जिससे कि ग्रामवासियों को समस्या न हों।

**एजेण्डा बिन्दु संख्या 05 :– थर्ड पाटी (TPI) द्वारा पेयजल योजनाओं पर कराये जा रहे निरीक्षण की प्रगतिः–**

थर्ड पाटी निरीक्षण हेतु निर्धारित एजेंसी मै0 आरवी एसोसिएटस्, आर्किटेक्ट इंजीनियर्स एण्ड कन्सलटेन्ट प्रा0लि0, खुला रेसीडेन्सी, श्रीनगर रोड, मैन कॉलोनी, हैदराबाद को नामित किया गया है, जिनके द्वारा यू0पी0पी0सी0एल एवं उ0प्र0 जल निगम द्वारा कराये जा रहे कार्यों का थर्ड पार्टी निरीक्षण किया जा रहा है जिसमें कि टी0पी0आई0 के जी0पी0एम0 द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी कार्य गुणवत्तापरक कराये जा रहे है, जिसके संबंध में टी0पी0आई0 द्वारा Presentation भी प्रस्तुत किया गया है। निर्देश दिये गये है कि गुणवता नियंत्रण हेतु प्रतिदिन संबंधित खण्ड विकास अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए ग्रामों में भ्रमण सुनिश्चित किया जाऐ। अपेक्षा की गई कि टी0पी0आई0 द्वारा किये जा रहे निरीक्षण की आख्या अवलोकनार्थ प्रस्तुत की जाये।

एजेण्डा बिन्दु सं0–06 (ISA) :–

दोनों एजेन्सियों द्वारा अवगत कराना है कि अनुबन्ध गठित होने के पश्चात् एजेंसी द्वारा केवल 181 ग्रामों के VAP एवं 316 पानी समितियां तैयार किये गये हैं एवं 45 नग कर्मचारी उक्त कार्य हेतु कार्यरत हैं। एजेन्सियों को निम्न निर्देश दिये गये वी0ए0पी0 से सम्बन्धित समस्त विवरण शेयर किये जायें तथा जिला पंचायत राज अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी तथा सहायक विकास अधिकारी (पं0) को सामुहिक कार्यक्रम में आमन्त्रित किया जाये, जिससे जनजागरूकता कार्यक्रम बेहतर एवं प्रभावशाली रूप से संचालित हो सके। एजेन्सियों को निर्देशित किया गया कि ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति के खाते खोले जाने हेतु खण्ड विकास अधिकारियों से संपर्क कर अग्रिम कार्यवाही कराये। एजेन्सियों द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रथम फेज (Planning and Implementation Phase) से संबंधित कार्यों का Presentation प्रस्तुत किया गया एवं वर्तमान तक कार्य उपयुक्त पाये गये। एजेन्सियों को मासिक भ्रमण का रोस्टर उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

| S. N. | Name of the Block | Allotted Number of GP by DWSM | Gp-VWSC Upload on Portal | Gp-Vap Upload on Portal | Gram Sabha Meeting | Women Meeting | Prabhat Pheri Activitiy | Community Meeting | PRA | Bank A/c Opening |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Gramin Vikas Trust | 160 | 160 | 160 | 160 | 106 | 109 | 160 | 43 | 90 |
| 2 | Jankalyan Shiksha Sewa Sansthan | 113 | 113 | 46 | 113 | 60 | 35 | 113 | 13 | 04 |
| | Total | 273 | 273 | 206 | 273 | 106 | 144 | 273 | 56 | 94 |

एजेंसियों को उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया एवं निर्देश दिये गये कि उक्त संचालित खातों में ग्रामीण लाभार्थियों से अंशदान जमा कराने हेतु त्वरित कार्यवाही की जाये जिसके लिये आवश्यकता होने पर संबंधित खण्ड विकास अधिकारी की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाये।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ISA)**

अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रस्तुत डी0पी0आर0 को क्रॉस चैक करने हेतु लघु सिंचाई विभाग एवं ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग को निर्देशित किया गया। लघु सिंचाई विभाग एवं ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग द्वारा डी0पी0आर0 चैक करने के उपरान्त निम्नवत् डी0पी0आर0 उपयुक्त पाई गई। विवरण निम्नवत् है:–

| क्र. सं. | योजना का नाम | ब्लॉक का नाम | योजना में सम्मिलित ग्रामों की सं0 | योजना में प्राविधानित FHTC की सं0 | वर्क कॉस्ट (लाख) | सैंटेज (लाख) | कुल लागत (लाख) | प्रति व्यक्ति लागत अभिकल्पित वर्ष (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बझेड़ा खुर्द | धौलाना | 1 | 931 | 356.30 | 39.77 | 396.07 | 3788 |
| 2 | दहीपुर रज्जाकपुर | धौलाना | 2 | 371 | 210.07 | 23.45 | 233.52 | 5638 |
| 3 | डूहरी | धौलाना | 1 | 654 | 264.44 | 29.51 | 293.95 | 3693 |
| 4 | खेरपुर खेराबाद | धौलाना | 2 | 584 | 245.29 | 27.38 | 272.67 | 3862 |
| 5 | नरैना | धौलाना | 1 | 351 | 158.24 | 17.66 | 175.9 | 4551 |
| 6 | परतापुर | धौलाना | 1 | 928 | 334.81 | 37.37 | 372.18 | 3453 |
| 7 | पिपला बंदपुर | धौलाना | 1 | 276 | 169.44 | 18.91 | 188.35 | 5482 |
| 8 | अब्दुल्लापुर + रामपुर नियामतपुर | गढ़मुक्तेश्वर | 2 | 447 | 270.53 | 30.19 | 300.72 | 5964 |
| 9 | देवली | गढ़मुक्तेश्वर | 1 | 471 | 206.16 | 23.01 | 229.17 | 4342 |
| 10 | गदावली | गढ़मुक्तेश्वर | 1 | 270 | 172.21 | 19.22 | 191.43 | 5830 |
| 11 | कल्याणपुर | गढ़मुक्तेश्वर | 1 | 322 | 195.63 | 21.83 | 217.46 | 5894 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | नेकनामपुर नानई | गढ़मुक्तेश्वर | 1 | 582 | 274.52 | 30.64 | 305.16 | 4659 |
| 13 | सिमरौली | हापुड़ | 1 | 801 | 283.77 | 31.67 | 315.44 | 3390 |
| 14 | भडंगपुर + भिम्यारी | हापुड़ | 2 | 590 | 280.63 | 31.32 | 311.95 | 4576 |
| 15 | भिक्कनपुर | हापुड़ | 1 | 374 | 203.21 | 22.68 | 225.89 | 4168 |
| 16 | फाजिलपुर उर्फ मोरपुर + बृजनाथपुर | हापुड़ | 2 | 446 | 213.53 | 23.83 | 237.36 | 4714 |
| 17 | कमालपुर + फिरोजपुर | हापुड़ | 2 | 510 | 280.21 | 31.27 | 311.48 | 3844 |
| 18 | नेकनामपुर फुलडी | हापुड़ | 1 | 517 | 244.53 | 27.29 | 271.82 | 3655 |
| 19 | सांवी + हिमायूंपुर | हापुड़ | 2 | 418 | 232.7 | 25.97 | 258.67 | 5242 |
| 20 | नगला बड़ | सिम्भावली | 1 | 476 | 225.06 | 25.12 | 250.18 | 4415 |
| 21 | नवादा कलां + फुलडहरा | सिम्भावली | 2 | 714 | 339.01 | 37.84 | 376.85 | 5522 |
| 22 | शाहपुर चौधरी | सिम्भावली | 1 | 708 | 280.11 | 31.26 | 311.37 | 3956 |
| | | कुल योग | | **11741** | | | **6047.59** | |

जनपद हापुड़ के अन्तर्गत उपलब्ध कराई गई 22 नग डी0पी0आर0 में से उपरोक्त 22 नग डी0पी0आर0 (**अनुमानित लागत रू0 6047.59 लाख**) जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति द्वारा संस्तुति सहित राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को प्रेषित की जा रही है।

मुख्य विकास अधिकारी /उपाध्यक्ष
"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन"
समिति हापुड़

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपिः- पत्रांक 547 / यो-341 5 दिनांक: 19-4-2022

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कम्पाउण्ड, 6-राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
3. संयुक्त प्रबन्ध निदेशक (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
4. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।,
5. मुख्य अभियन्ता (मेरठ), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेरठ को सूचनार्थ प्रेषित।
6. जिलाधिकारी महोदया, हापुड़।
7. अधीक्षण अभियन्ता, प्रथम मण्डल, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेरठ को सूचनार्थ प्रेषित।
8. जिला विकास अधिकारी, हापुड़।
9. जिला वनाधिकारी, हापुड़।
10. जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हापुड़।
11. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, हापुड़।
12. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हापुड़।
13. अधिशासी अभियन्ता वाटर रिसोर्सेस/सिंचाई, हापुड़।
14. अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर, हापुड़।
15. जिला कृषि अधिकारी, हापुड़।
16. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, हापुड़।

19/04/22

मुख्य विकास अधिकारी /उपाध्यक्ष
"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन"
समिति हापुड़